इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न)
**INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.**
**(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)**
**CIN: L74899DL1999GOI101707**
**Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com**

# प्रेस विज्ञप्ति

# चारधाम की यात्रा के लिए पर्यटक ट्रेन संचालित करेगी आईआरसीटीसी

फर्स्ट एसी व सेकंड एसी की सुविधा से युक्त स्टेट ऑफ आर्ट डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन दिल्ली से 16 दिनों की यात्रा के लिए 18 सितंबर 2021 को रवाना की जायेगी

**विशेषताएं –**

- **पूरी ट्रेन वातानुकूलित है। (एसी कोच), सेकेण्ड एसी (2nd AC) और प्रथम एसी (1st AC) की सुविधा**
- **सम्पूर्ण कोच में सुविधजाएँ सुसज्जित और सुव्यवस्थित हैं, ट्रेन के अंदर घर जैसी सुविधा और सुरक्षा**
- **ट्रेन के अंदर घर जैसी अत्याधुनिक दो रसोईं यान, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शुद्ध और पौष्टिक आहार**
- **ज्ञानवर्धक पुस्तकों से भरपूर पुस्तकालय, स्वच्छ शौचालय एवं स्नानागार शॉवर सुविधाओं से लैस,अत्याधुनिक फुट मसाज मशीन**
- **सम्पूर्ण ट्रेन में सुरक्षा के मद्देनज़र सीसीटीवी कैमरा से लैस, हर कोच की सुरक्षा हेतु सुरक्षा बल आसीन**
- **16 दिनों में 8500 किलो मीटर की दूरी तय की जाएगी, न्यूनतम यात्रा पैकेज मात्र 78585 /- रुपये**
- **सारी सुविधाओं से परिपूर्ण स्टॉफ कोच, स्वच्छ एवं स्वस्थ सहयोगी**
- **156 पर्यटकों की कुल क्षमता के मुकाबले लगभग 120 पर्यटकों के लिए बुकिंग प्रतिबंधित है, COVID-19 टीकाकरण की कम से कम पहली खुराक अनिवार्य है**
- **आईआरसीटीसी सभी पर्यटकों को फेस मास्क, हैंड ग्लव्स और सैनिटाइज़र रखने के लिए एक सुरक्षा किट भी प्रदान करेगा**
- **सभी पर्यटकों और कर्मचारियों का तापमान जांच, हॉल्ट स्टेशनों पर बार-बार ट्रेन सेनिटाइजेशन आदि और अन्य सावधानियां सुनिश्चित की जाएंगी**

पंजीकृत एवं कॉरपोरेट कार्यालय : 11 वां तल, बी. 148 स्टेट्स मैन हाऊस, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली. -110001 फोन : 23311263, 44168 (रेलवे ), फैक्स : 23311259
Regd. & Corp. Office : 11th Floor, B-148, Statesman House, Barakhamba Road, New Delhi – 110001. Tel : 23311263, 44168 (Rly.) Fax : 23311259






नई दिल्ली 05 जुलाई 2021

हर भक्त का सपना होता है कि वह अपने जीवन काल में एक बार चार धाम यानि **बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारकाधीश** की यात्रा करे। आईआरसीटीसी ने श्रद्धालुओं के इसी मनोरथ को पूरा करने व धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, "देखो अपना देश" डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन द्वारा चारों धाम की यात्रा एक साथ कराने की घोषणा की है। पूर्व मे, आईआरसीटीसी ने अत्यंत लोकप्रिय रामायण सर्किट पर आधारित "श्री रामायण एक्स्प्रेस" ट्रेन का भी संचालन किया था जिसे अभूतपूर्व लोकप्रियता प्राप्त हुई ।

दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से यह विशेष पर्यटक ट्रेन 18 सितंबर 2021 को रवाना होगी और 16 दिनों में पर्यटकों को भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित मंदिरों तक ले जाकर उनके दर्शन कराएगी। इस पवित्र यात्रा का पहला पड़ाव योग नगरी ऋषिकेश होगा जहां से पर्यटकों को सड़क मार्ग द्वारा बद्रीनाथ धाम, चीन सीमा के निकट स्थित माना गाँव  और जोशीमठ के नरसिंह मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। ऋषिकेश भ्रमण के उपरांत यह ट्रेन जगन्नाथ पुरी के लिए रवाना होगी जहां पर प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर, पुरी का गोल्डन बीच व कोणार्क के सूर्य मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। पुरी के बाद इस ट्रेन का अगला पड़ाव रामेश्वरम होगा जहां यात्री शिव मंदिर के साथ धनुषकोडी व डॉ सअब्दुल कलाम मेमोरियल का भी दर्शन कर सकेंगे।  रामेश्वरम के बाद यह ट्रेन चौथे और अंतिम धाम द्वारकाधीश के लिए प्रस्थान करेगी। द्वारका में पर्यटक द्वारकाधीश मंदिर के साथ ही नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, बेट द्वारका और शिवराजपुर

बीच का भ्रमण करेंगे। द्वारका से चलकर सोलहवें दिन, ट्रेन दिल्ली वापस पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन द्वारा लगभग 8500 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पूरी की जाएगी।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस पूर्णतया वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन में यात्री कोच के अतिरिक्त दो रेल डाइनिंग रेस्तरां एक आधुनिक किचन कार व यात्रियों के लिए फुट मसाजर, मिनी लाइब्रेरी, आधुनिक एवं स्वच्छ शौचालय और शॉवर क्यूबिकल आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड, इलेक्ट्रॉनिक लॉकर एवं सीसीटीवी कैमरे भी प्रत्येक कोच में उपलब्ध रहेंगे।

यह विशेष पर्यटक ट्रेन, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की पहल **"देखो अपना देश"** के अनुरूप, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बहुत ही प्रतिस्पर्धी मूल्य पर चलाई जा रही है। आईआरसीटीसी ने एसी प्रथम श्रेणी की यात्रा के लिए रु 97195 प्रति व्यक्ति एवं एसी द्वितीय श्रेणी की यात्रा के लिए रु 78585 प्रति व्यक्ति का शुल्क निर्धारित किया है। इस टूर पैकेज की कीमत में यात्रियों को रेल यात्रा के अतिरिक्त स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन, वातानुकूलित बसों द्वारा पर्यटक स्थलों (पहाड़ी क्षेत्रों को छोड़कर) का भ्रमण, डीलक्स होटलों में ठहरने की व्यवस्था, गाइड व इंश्योरेंस आदि कि सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार/पीएसयू के कर्मचारी इस यात्रा पर वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर पात्रता के अनुसार एलटीसी सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं।

यात्रा की पूरी अवधि के दौरान आईआरसीटीसी की टीम स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रोटोकॉल का ध्यान रखेगी एवं यात्रियों को सुरक्षित व चिंता मुक्त अनुभव देने का प्रयास करेगी। इस डीलक्स पर्यटक ट्रेन में 156 पर्यटकों की कुल क्षमता के मुकाबले लगभग 120 पर्यटकों की ही बुकिंग की जाएगी। साथ ही, आईआरसीटीसी सभी पर्यटकों को फेस मास्क, हैंड ग्लव्स और सैनिटाइज़र रखने के लिए एक सुरक्षा किट भी प्रदान करेगी। सभी पर्यटकों और कर्मचारियों का तापमान जांच व हॉल्ट स्टेशनों पर बार-बार ट्रेन सेनिटाइजेशन आदि सुनिश्चित किया जाएगा। सभी कर्मचारियों की अच्छी तरह से जांच की जाएगी और प्रत्येक भोजन सेवा के बाद रसोई और रेस्तरां को साफ व सेनिटाइज किया जाएगा। इस यात्रा की बुकिंग के लिए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के प्रत्येक यात्री को कॉविड के टीके का कम से कम एक डोज लगा होना अनिवार्य होगा।

अधिक जानकारी के लिए यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट https://www.irctctourism.com पर जा सकते हैं और ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। बुकिंग की सुविधा आधिकारिक वेबसाइट पर, पहले आओ-पहले पाओ के

आधार पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। 8287930202, 8287930299, 8287930157.

*********